संख्या- 238 /2025/ 1673 /चार-2025-1916271

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 09 जून, 2025**

विषय:- दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जयन्ती समारोह के आयोजन पर हुए वास्तविक व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 480/सं0नि0-15(01)/2025-26, दिनांक 21 मई, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के पत्र संख्या-1203/चार-2025-1916271 दिनांक 08 अप्रैल, 2025 द्वारा दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जयन्ती समारोह के आयोजन हेतु प्रदान की गयी प्रशासकीय स्वीकृति के क्रम में दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को बाबासाहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जयन्ती समारोह के आयोजन डॉ0 भीमराव आंबेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, लखनऊ, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा आंबेडकर महासभा लखनऊ में किया गया था। साथ ही उक्त कार्यक्रम पर निम्नांकित सूची के अनुसार हुए वास्तविक व्यय रू0 28,16,766/- (रूपये अट्ठाईस लाख सोलह हजार सात सौ छाछठ मात्र) की कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है:-

(अ) दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयन्ती के अवसर पर लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर हुए वास्तवित व्यय का विवरण

क्र0	स्थान	विधा	कलाकार का नाम	दिनांक	मानदेय	किराया	कुल देय धनराशि
1	डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, लखनऊ	लोकगीत	श्री श्यामजीत सिंह	14.04.2025	35000	5000	40,000
2.			श्री त्रिभुवन भारती, मऊ	14.04.2025	35000	5000	40,000
3		नृत्य नाटिका- अभी सपना अधूरा है	श्री विपिन कुमार, लखनऊ	14.04.2025	50000	-	50,000
4		बाबा साहिब पर आधारित नृत्य नाटिका: आंबेडकर प्यारा	सुश्री निहारिका कश्यप, लखनऊ	14.04.2025	35000	-	35,000
5		लोकगीत बिरहा	श्री रामदुलार, बलिया	14.04.2025	35000	5000	40,000
6			श्री भईया लाल पाल, वाराणसी	14.04.2025	35000	5000	40,000
7			श्री मनोज कुमार पासवान, गोरखपुर	14.04.2025	35000	5000	40,000

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

8		सांस्कृतिक संध्या	श्री अनिरूद्ध बनकर, मुम्बई	14.04.2025	300000	-	3,00,000
9	उद्घोषक		सुश्री सरोज सिंह, लखनऊ	14.04.2025	3000		-
10	डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ	सांस्कृतिक संध्या	श्री सचिन वाल्मीकि, मुम्बई	14.04.2025	300000	-	3,00,000
11	आंबेडकर महासभा लखनऊ	सांस्कृतिक कार्यक्रम	श्री रामनिवास पासवान, लखनऊ	14.04.2025	35000	-	35,000
12.			सुश्री लक्ष्मी रागिनी, भदोही	14.04.2025	35000	5000	40,000
13			सुश्री शुभम रावत, लखनऊ	14.04.2025	35000	-	35,000
14			सुश्री जया कुमारी, लखनऊ	14.04.2025	35000	-	35,000
			योग (अ)-		1003000	30000	10,33,000

(ब) कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं पर हुए व्यय का विवरण

क्र0	फर्म का नाम	बिल सं0/दिनांक	धनराशि
1	होटल गोमती, लखनऊ	427-25/16.04.2025	32,064
		428-25/16.04.2025	12,600
2	अपटूवर्स, लखनऊ	04/2025-26/23.04.2025	3,41,362
		75/23.04.2025	34,652
3	होटल नक्षत्र**,** लखनऊ	03/25-26-001/28.04.2025	13,334
4	मे0 एस0 3 इन्फोमीडिया प्रा0लि0**,** लखनऊ	06/06.05.2025	89,451
5	मे0 ड्रीम 360, लखनऊ (निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार की संस्तुति)	28/30.04.2025	65,547
6	मे0 बनारसी टेन्ट एण्ड फर्नीचर हाउस, लखनऊ	14/17.04.2025	6,08,715
		15/17.04.2025	2,16,322
		16/17.04.2025	99,816
		17/17.04.2025	2,69,903
		योग (ब)	17,83,766
		कुल योग (अ+ब)	28,16,766

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जयन्ती समारोह के आयोजन पर हुए वास्तविक व्यय **रू0 28,16,766/- (रूपये अट्ठाईस लाख सोलह हजार सात सौ छाछठ मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(8) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय -13- आजादी का अमृत काल महोत्सव-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।